बिहार सरकार
ग्रामीण विकास विभाग
बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाईटी

-:कार्यालय आदेश:-

कार्यालय आदेश संख्या ....611............................/ **पटना, दिनांक**..05/07/2024...
सं०सं०-BRDS/HR/19/2024

बिहार रूरल डेवलपमेंट सोसाईटी अंतर्गत जिला एवं प्रखंडों में कार्यरत पदों- जिला वित्त प्रबन्धक, जिला अंकेक्षण प्रबंधक, जिला सहायक वित्त प्रबंधक, जिला सहायक अंकेक्षण प्रबंधक ,कार्यक्रम पदाधिकारी, कार्यपालक अभियन्ता, सहायक अभियंता, कनीय अभियन्ता, लेखा सहायक, अंकेक्षण सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर का अंतर-जिला स्थानांतरण BRDS के स्थानांतरण नीति 630, दिनांक 10-06-2021 के आलोक में किया जाना है। इस आलोक में माह अगस्त, 2024 तक स्थानांतरण नीति के कंडिका 01 एवं 02 में निर्दिष्ट कालावधि पूर्ण करने वाले योग्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों से अंतर-जिला स्थानांतरण हेतु 10 (दस) विकल्प के ऑनलाइन चयनार्थ HRMS पर आवेदन भरने की तिथि दिनांक **10.07.2024 से 19.07.2024** तक निर्धारित की गयी है।

स्थानांतरण से सम्बंधित महत्त्वपूर्ण अनिवार्य बिंदु निम्नवत हैं :-

1. ऑनलाइन आवेदन करने हेतु प्रपत्र BRDS के वेबसाईट brdshrms.bihar.gov.in पर उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाले अभ्यावेदन पर विचार नही किया जाएगा।
2. Portal पर लॉगिन कर सही-सही सूचनाऐं अंकित करने की पूर्ण जवाबदेही संबंधित पदाधिकारी/कर्मी की होगी।
3. निर्धारित तिथि तक स्थानांतरण विकल्प (Transfer Option) नहीं भरने वाले योग्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों का स्थानांतरण कार्यालय द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण के आधार पर किया जाएगा एवं इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का अनुरोध विचारणीय नहीं होगा।
4. स्थानान्तरण हेतु HRMS पर बनाई गई Transfer Module का उपयोग किया जाएगा। चूँकि कर्मियों का स्थानांतरण प्रदर्शन –सह- विकल्प के आधार पर किया जाना है एवं जिलों में संतुलन के उद्देश्य से राज्य स्तर पर कार्यरत कर्मियों के प्रतिशत के अनुरूप जिला में स्वीकृत पदों के विरुद्ध कर्मियों को पदस्थापित किया जाना है। इसलिए कतिपय कर्मियों का स्थान्तरण आवेदित विकल्पित जिलों के बाहर होने की सम्भावना भी रहेगी।

अतः सम्बंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि निर्धारित समय-सीमा के अन्दर अपना स्थानांतरण अभ्यावेदन BRDS के वेबसाईट brdshrms.bihar.gov.in पर भरते हुए विकल्प को चयनित करना सुनिश्चित किया जाय।

5/7/24
(संजय कुमार)
आयुक्त मनरेगा-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी

कार्यालय आदेश ज्ञापांक 611/ पटना, दिनांक 05/07/2024

संoसंo-BRDS/HR/19/2024

प्रतिलिपिः-

1. BRDS के सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. श्री सरोज कुमार, निदेशक ,ईगवर्नेंस- एवं आई०टी०, BRDS को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. मुख्य परिचालन पदाधिकारी, BRDS को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. सचिव के प्रधान आप्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

5/7/24

आयुक्त मनरेगा-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी